# किस्मत वाले हैं मिलता है जिनको तेरा प्यार भजन लिरिक्स

किस्मत वाले हैं,
मिलता है जिनको तेरा प्यार,
तेरी कृपा बिन तेरा,
ना हो दीदार,
किस्मत वालें हैं,
मिलता है जिनको तेरा प्यार।bd।

तर्ज – किस्मत वालों को।

---

जो भी बाबा तुमसे नैन मिलाए,
जाने है तू वो तेरा हो जाए,
अंखियों से अंखियां मिलके,
हो जाती चार,
किस्मत वालें हैं,
मिलता है जिनको तेरा प्यार।bd।

---

ना चांदी ना सोने की दरकार,
ना चाहूं मैं गल फूलों के हार,
कांटों से रखना बचा के,
मुझको सरकार,
किस्मत वालें हैं,
मिलता है जिनको तेरा प्यार।bd।

---

हर मंदिर की मुरत में भी तू,
दीन दुखी की सुरत में भी तू,
मुझको तो दीनों में तू,
दिखता हर बार,
किस्मत वालें हैं,
मिलता है जिनको तेरा प्यार।bd।

---

इतनी कृपा कर दो श्याम अभी,
तुमसे ना “जालान” हो दूर कभी,
टूटे ना तुमसे अब ये,
नाता करतार,
किस्मत वाले हैं,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

किस्मत वाले हैं,
मिलता है जिनको तेरा प्यार,
तेरी कृपा बिन तेरा,
ना हो दीदार,
किस्मत वालें हैं,
मिलता है जिनको तेरा प्यार।bd।

– लेखक व गायक –
पवन जालान जी 9416059499
भिवानी (हरियाणा)

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com